**Series OSR**

कोड नं. **67/1**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **24** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*

*(ii)* *भाग क सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *परीक्षार्थियों को शेष भाग ख और ग में से कोई **एक** भाग हल करना है ।*

*(iv)* *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains three parts A, B and C.*

*(ii)* *Part A is **compulsory** for all candidates.*

*(iii)* *Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts B and C.*

*(iv)* *All parts of the questions should be attempted at one place.*

## भाग क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

## PART A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** एक्स, वाई तथा ज़ैड साझेदार थे तथा $\frac{1}{2}, \frac{3}{10}$ एवं $\frac{1}{5}$ के अनुपात में लाभों का बँटवारा कर रहे थे । एक्स फर्म से सेवानिवृत्त हो गया । शेष साझेदारों के अधिलाभ अनुपात की गणना कीजिए । *1*

X, Y and Z were partners sharing profits in the ratio of $\frac{1}{2}, \frac{3}{10}$ and $\frac{1}{5}$. X retired from the firm. Calculate the gaining ratio of the remaining partners.

**2.** एक नए प्रवेशित साझेदार द्वारा प्राप्त अधिकारों का उल्लेख कीजिए । *1*

State the rights acquired by a newly admitted partner.

**3.** न्यायालय के हस्तक्षेप के आधार पर 'साझेदारी के समापन' तथा 'साझेदारी फर्म के समापन' में अन्तर्भेद कीजिए । *1*

Distinguish between 'Dissolution of partnership' and 'Dissolution of partnership firm' on the basis of Court's intervention.

4. 'एक साझेदारी फर्म के पुनर्गठन' का अर्थ दीजिए । *1*

Give the meaning of 'Reconstitution of a partnership firm'.

5. डी लिमिटेड ने 10 ₹ प्रत्येक के 10,00,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । 8,55,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । क्या कम्पनी अंशों के आबंटन की कार्यवाही कर सकती है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । *1*

D Ltd. invited applications for issuing 10,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The public applied for 8,55,000 shares. Can the company proceed for the allotment of shares ? Give reason in support of your answer.

6. अ लिमिटेड ने 10 ₹ प्रत्येक के 100 समता अंशों को जो 20% के प्रीमियम पर निर्गमित किए गए थे, 5 ₹ की अन्तिम माँग राशि जिसमें प्रीमियम भी सम्मिलित है, का भुगतान नहीं करने पर हरण कर लिया । बट्टे की उस अधिकतम राशि का उल्लेख कीजिए जिस पर इन अंशों का पुनः निर्गमन किया जा सकता है । *1*

A Ltd. forfeited 100 equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of 20% for the non-payment of final call of ₹ 5 including premium. State the maximum amount of discount at which these shares can be re-issued.

7. समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्रों के निर्गमन से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is meant by issue of debentures as collateral security ?

8. हेमन्त तथा निशान्त एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभों का बँटवारा कर रहे थे । उनकी पूँजी क्रमशः 1,60,000 ₹ और 1,00,000 ₹ थीं । 1 अप्रैल, 2013 को उन्होंने भावी लाभों में 1/5 भाग के लिए सोमेश को नए साझेदार के रूप में प्रविष्ट किया । सोमेश अपनी पूँजी के रूप में 1,20,000 ₹ लाया । फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए तथा उपर्युक्त लेनदेनों के लिए सोमेश के प्रवेश पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

Hemant and Nishant were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their capitals were ₹ 1,60,000 and ₹ 1,00,000 respectively. They admitted Somesh on 1st April, 2013 as a new partner for 1/5 share in the future profits. Somesh brought ₹ 1,20,000 as his capital. Calculate the value of goodwill of the firm and record necessary journal entries for the above transactions on Somesh's admission.

**9.** टाटा लिमिटेड ने 1 अप्रैल, 2012 को 100 ₹ प्रत्येक के 5,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन किया । निर्गमन पर पूर्ण रूप से अभिदान हुआ । निर्गमन की शर्तों के अनुसार ऋणपत्रों पर ब्याज अर्धवार्षिक आधार पर 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को देय होता है तथा स्रोत पर कर की कटौती 10% है ।

31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले अर्धवार्षिक ब्याज से सम्बन्धित तथा ऋणपत्रों के ब्याज को लाभ-हानि विवरण में स्थानान्तरित करने की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

Tata Ltd. issued 5,000, 10% Debentures of ₹ 100 each on 1st April, 2012. The issue was fully subscribed. According to the terms of issue, interest on debentures is payable half-yearly on 30th September and 31st March and tax deducted at source is 10%.

Pass the necessary journal entries related to the debenture interest for the half-yearly ending on 31st March, 2013 and transfer of interest on debentures to Statement of Profit and Loss.

**10.** निम्नलिखित परिस्थितियों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *3*

(i) सनराइज़ लिमिटेड ने 100 ₹ प्रत्येक के 500, 9% ऋणपत्रों जिनका निर्गमन 10% के बट्टे पर किया गया था, को 100 ₹ प्रत्येक के समता अंशों में परिवर्तित करके किया । समता अंशों को 25% के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था ।

(ii) ब्रिटानिया लिमिटेड ने 100 ₹ प्रत्येक के 3,000, 12% ऋणपत्रों जिनका निर्गमन 10 ₹ प्रति ऋणपत्र के बट्टे पर किया गया था, का शोधन इन्हें 100 ₹ प्रत्येक के समता अंशों जो 90 ₹ प्रति अंश प्रदत्त थे, में परिवर्तित करके किया ।

Pass necessary journal entries in the following cases :

(i) Sunrise Ltd. converted 500, 9% debentures of ₹ 100 each issued at a discount of 10% into equity shares of ₹ 100 each issued at a premium of 25%.

(ii) Britannia Ltd. redeemed 3,000, 12% debentures of ₹ 100 each which were issued at a discount of ₹ 10 per debenture by converting them into equity shares of ₹ 100 each, ₹ 90 paid up.

11. सिंह एवं गुप्ता ने कम कीमत वाले जूट बैग बनाने के लिए एक साझेदारी फर्म शुरू करने का निर्णय लिया क्योंकि प्लास्टिक बैग विभिन्न प्रकार की पर्यावरण सम्बन्धी समस्याएँ उत्पन्न कर रहे थे । इसके लिए उन्होंने 1 अप्रैल, 2012 को क्रमशः 1,00,000 ₹ तथा 50,000 ₹ की पूँजी व्यवसाय में लगाई । सिंह ने शक्ति को बिना पूँजी के साझेदार के रूप में फर्म में प्रविष्ट कराने की अपनी इच्छा व्यक्त की । शक्ति उसका विशेष रूप से योग्य लेकिन अत्यधिक सृजनात्मक एवं बुद्धिमान मित्र है । गुप्ता ने इसे स्वीकार कर लिया । साझेदारी की शर्तें निम्नलिखित थीं :

(i) सिंह, गुप्ता एवं शक्ति 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का बँटवारा करेंगे ।

(ii) पूँजी पर 6% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा ।

पूँजी की कमी के कारण 30 सितम्बर, 2012 को सिंह ने 25,000 ₹ तथा 1 जनवरी, 2013 को गुप्ता ने 10,000 ₹ की अतिरिक्त पूँजी लगाई । 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए फर्म का लाभ 1,68,900 ₹ था ।

(अ) ऐसे कोई दो मूल्य पहचानिए जो फर्म समाज को सम्प्रेषित करना चाहती है ।

(ब) 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *4*

Singh and Gupta decided to start a partnership firm to manufacture low cost jute bags as plastic bags were creating many environmental problems. They contributed capitals of ₹ 1,00,000 and ₹ 50,000 on 1st April, 2012 for this. Singh expressed his willingness to admit Shakti as a partner without capital, who is specially abled but a very creative and intelligent friend of his. Gupta agreed to this. The terms of partnership were as follows :

(i) Singh, Gupta and Shakti will share profits in the ratio of 2 : 2 : 1.

(ii) Interest on capital will be provided @ 6% p.a.

Due to shortage of capital, Singh contributed ₹ 25,000 on 30th September, 2012 and Gupta contributed ₹ 10,000 on 1st January, 2013 as additional capital. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2013 was ₹ 1,68,900.

(a) Identify any two values which the firm wants to communicate to the society.

(b) Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ending 31st March, 2013.

**12.** मोनिका, सोनिका तथा मंशा एक फर्म में साझेदार थीं तथा क्रमशः 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों को विभाजित कर रही थीं । 31 मार्च, 2013 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

**31 मार्च, 2013 को स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | स्थायी सम्पत्तियाँ | 3,60,000 |
| मोनिका | 1,80,000 | | स्टॉक | 60,000 |
| सोनिका | 1,50,000 | | देनदार | 1,20,000 |
| मंशा | 90,000 | 4,20,000 | रोकड़ | 2,70,000 |
| संचय कोष | | 1,50,000 | | |
| लेनदार | | 2,40,000 | | |
| | | 8,10,000 | | 8,10,000 |

30 जून, 2013 को सोनिका की मृत्यु हो गई । शेष साझेदारों और उसके उत्तराधिकारी के बीच सहमति हुई कि

(अ) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के 3 वर्षों के क्रय के बराबर होगा । औसत लाभ 2,00,000 ₹ था ।

(ब) पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा ।

(स) मृत्यु की तिथि तक लाभों में उसके हिस्से की गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जाएगी ।

30 जून, 2013 को सोनिका का पूँजी खाता तैयार कीजिए । *4*

Monika, Sonika and Mansha were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1 respectively. On 31st March, 2013 their Balance Sheet was as under :

**Balance Sheet as on 31st March, 2013**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Fixed Assets | 3,60,000 |
| Monika | 1,80,000 | | Stock | 60,000 |
| Sonika | 1,50,000 | | Debtors | 1,20,000 |
| Mansha | 90,000 | 4,20,000 | Cash | 2,70,000 |
| Reserve Fund | | 1,50,000 | | |
| Creditors | | 2,40,000 | | |
| | | 8,10,000 | | 8,10,000 |

Sonika died on 30th June, 2013. It was agreed between her executors and the remaining partners that

(a) Goodwill of the firm be valued at 3 years' purchase of average profits for the last four years. The average profits were ₹ 2,00,000.

(b) Interest on capital be provided at 12% p.a.

(c) Her share in the profits upto the date of death will be calculated on the basis of average profits for the last four years.

Prepare Sonika's Capital Account as on 30th June, 2013.

**13.** 1 अप्रैल, 2012 को 10,00,000 ₹ की अधिकृत पूँजी के साथ विश्वास लिमिटेड का निर्माण किया गया जो 10 ₹ प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों में विभाजित थी । कम्पनी ने 90,000 समता अंशों के लिए प्रविवरण निर्गमित कर आवेदन आमंत्रित किए । कम्पनी को 85,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । प्रथम वर्ष में कम्पनी ने 8 ₹ प्रति अंश की याचना की । राम ने जो 1,000 अंशों का धारक था तथा श्याम ने जो 2,000 अंशों का धारक था, 2 ₹ प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं किया । प्रथम याचना के बाद श्याम के अंशों का हरण कर लिया गया तथा बाद में हरण किए गए 1,500 अंशों को 6 ₹ प्रति अंश, 8 ₹ याचित पर पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

निम्नलिखित दर्शाइए :

(अ) कम्पनी अधिनियम, 1956 की परिशोधित सारणी VI भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश पूँजी ।

(ब) उसी के लिए 'खातों के नोट्स' भी बनाइए । *4*

On 1st April, 2012, Vishwas Ltd. was formed with an authorised capital of ₹ 10,00,000 divided into 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company issued prospectus inviting applications for 90,000 equity shares. The company received applications for 85,000 equity shares. During the first year, ₹ 8 per share were called. Ram holding 1,000 shares and Shyam holding 2,000 shares did not pay the first call of ₹ 2 per share. Shyam's shares were forfeited after the first call and later on 1,500 of the forfeited shares were re-issued at ₹ 6 per share, ₹ 8 called up.

Show the following :

(a) Share Capital in the Balance Sheet of the company as per revised Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956.

(b) Also prepare 'Notes to Accounts' for the same.

**14.** गोपाल लिमिटेड की पुस्तकों में निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4*

(i) मैसर्स फर्नीचर मार्ट से 2,50,000 ₹ के फर्नीचर का क्रय किया । मैसर्स फर्नीचर मार्ट को भुगतान 10 ₹ प्रत्येक के समता अंशों को 25% के प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया ।

(ii) अमन लिमिटेड से 15,00,000 ₹ की राशि का एक चालू व्यवसाय खरीदा जिसमें 12,00,000 ₹ का भुगतान 10 ₹ प्रत्येक के पूर्ण प्रदत्त समता अंशों द्वारा तथा शेष राशि का बैंक ड्राफ्ट द्वारा किया गया । सम्पत्तियाँ तथा दायित्व निम्नलिखित से सम्बन्धित थे :

संयंत्र (प्लान्ट) 3,50,000 ₹; स्टॉक 4,50,000 ₹; भूमि एवं भवन 6,00,000 ₹; विविध लेनदार 1,00,000 ₹ ।

Pass necessary journal entries for the following transactions in the books of Gopal Ltd. :

(i) Purchased furniture for ₹ 2,50,000 from M/s Furniture Mart. The payment to M/s Furniture Mart was made by issuing equity shares of ₹ 10 each at a premium of 25%.

(ii) Purchased a running business from Aman Ltd. for a sum of ₹ 15,00,000. The payment of ₹ 12,00,000 was made by issue of fully paid equity shares of ₹ 10 each and balance by a bank draft. The assets and liabilities consisted of the following :

Plant ₹ 3,50,000; Stock ₹ 4,50,000; Land and Building ₹ 6,00,000; Sundry Creditors ₹ 1,00,000.

**15.** सीमा, तनुजा तथा तृप्ति एक फर्म में साझेदार थीं जो कपड़ों का व्यापार करती थीं । वे 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों का बँटवारा कर रही थीं । 1 अप्रैल, 2012 को उनकी पूँजी क्रमशः 3,00,000 ₹, 4,00,000 ₹ तथा 8,00,000 ₹ थी । उत्तराखण्ड में बाढ़ आने के बाद, सभी साझेदारों ने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ पीड़ितों की सहायता करने का निर्णय लिया ।

इसके लिए सीमा ने 15 सितम्बर, 2012 को फर्म से 20,000 ₹ का आहरण किया । तनुजा ने रोकड़ का आहरण करने की अपेक्षा फर्म से 24,000 ₹ के कपड़े लिए और बाढ़ पीड़ितों में उन्हें बाँट दिया । दूसरी ओर, तृप्ति ने 1 जनवरी, 2013 को अपनी पूँजी से 2,00,000 ₹ का आहरण किया और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में एक चलती-फिरती मेडिकल वैन प्रदान की ।

साझेदारी संलेख के अनुसार आहरण पर प्रति वर्ष 6% की दर से ब्याज लिया जाएगा । अंतिम खाते तैयार करने के बाद यह पाया गया कि आहरण पर ब्याज नहीं लिया गया । आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए तथा कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाइए । ऐसे किन्हीं दो मूल्यों का भी उल्लेख कीजिए जो ये साझेदार समाज को सम्प्रेषित करना चाहते हैं । *6*

Seema, Tanuja and Tripti were partners in a firm trading in garments. They were sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Their capitals on $1^{st}$ April, 2012 were ₹ 3,00,000, ₹ 4,00,000 and ₹ 8,00,000 respectively. After the flood in Uttarakhand, all partners decided to help the flood victims personally.

For this Seema withdrew ₹ 20,000 from the firm on $15^{th}$ September, 2012. Tanuja instead of withdrawing cash from the firm took garments amounting to ₹ 24,000 from the firm and distributed those to the flood victims. On the other hand, Tripti withdrew ₹ 2,00,000 from her capital on $1^{st}$ January, 2013 and provided a mobile medical van in the flood affected area.

The partnership deed provides for charging interest on drawings @ 6% p.a. After the final accounts were prepared it was discovered that interest on drawings had not been charged. Give the necessary adjusting journal entry and show the working notes clearly. Also state any two values which the partners wanted to communicate to the society.

**16.** हनीफ़ तथा ज़ूबेद एक फर्म के साझेदार थे तथा अपनी पूँजी के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2013 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2013 को हनीफ़ तथा ज़ूबेद का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,50,000 | बैंक | 2,00,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि | | 3,00,000 | देनदार | 3,40,000 |
| सामान्य संचय | | 75,000 | रहतिया (स्टॉक) | 1,50,000 |
| हनीफ़ का चालू खाता | | 25,000 | फर्नीचर | 4,60,000 |
| पूँजी : | | | मशीनरी | 8,20,000 |
| हनीफ़ | 10,00,000 | | ज़ूबेद का चालू खाता | 80,000 |
| ज़ूबेद | 5,00,000 | 15,00,000 | | |
| | | 20,50,000 | | 20,50,000 |

उपर्युक्त तिथि को फर्म का समापन हो गया ।

(i) देनदारों से 5% बट्टे पर वसूली हुई । हनीफ़ ने 50% रहतिया (स्टॉक) पुस्तक मूल्य से 10% कम मूल्य पर ले लिया । शेष रहतिया को 65,000 ₹ में बेच दिया गया ।

(ii) ज़ूबेद ने 1,35,000 ₹ में फर्नीचर ले लिया । मशीनरी को कबाड़ में 74,000 ₹ में बेच दिया गया ।

(iii) लेनदारों को पूर्ण भुगतान किया गया ।

(iv) 8,000 ₹ के वसूली व्ययों का भुगतान हनीफ़ ने किया ।

वसूली खाता तैयार कीजिए । *6*

Hanif and Jubed were partners in a firm sharing profits in the ratio of their capitals. On 31st March, 2013 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Hanif and Jubed as on 31st March, 2013**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,50,000 | Bank | 2,00,000 |
| Workmen's Compensation Fund | | 3,00,000 | Debtors | 3,40,000 |
| General Reserve | | 75,000 | Stock | 1,50,000 |
| Hanif's Current Account | | 25,000 | Furniture | 4,60,000 |
| Capitals : | | | Machinery | 8,20,000 |
| Hanif | 10,00,000 | | Jubed's Current Account | 80,000 |
| Jubed | 5,00,000 | 15,00,000 | | |
| | | 20,50,000 | | 20,50,000 |

On the above date the firm was dissolved.

(i) Debtors were realised at a discount of 5%. 50% of the stock was taken over by Hanif at 10% less than the book value. Remaining stock was sold for ₹ 65,000.

(ii) Furniture was taken over by Jubed for ₹ 1,35,000. Machinery was sold as scrap for ₹ 74,000.

(iii) Creditors were paid in full.

(iv) Expenses on realisation ₹ 8,000 were paid by Hanif.

Prepare Realisation Account.

**17.** एक्स लिमिटेड ने 10 ₹ प्रत्येक के 75,000 समता अंशों को 5 ₹ प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन तथा आबंटन पर – 9 ₹ प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर – शेष धनराशि ।

3,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 2,00,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि माँग ली गई । केवल रवि, जिसने 1,500 अंशों के लिए आवेदन किया था, को छोड़कर समस्त राशि प्राप्त हो गई । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों को 4 ₹ प्रति अंश के बट्टे पर पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए एक्स लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**अथवा**

वाई लिमिटेड ने 10 ₹ प्रत्येक के 80,000 समता अंशों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन तथा आबंटन पर – 6 ₹ प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर – शेष धनराशि ।

2,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 40,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि माँग ली गई । केवल रोहन, जिसने 1,600 अंशों के लिए आवेदन किया था, को छोड़कर समस्त धनराशि प्राप्त हो गई । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों को कानून द्वारा प्रदान अधिकतम बट्टा राशि पर पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए वाई लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

X Ltd. invited applications for issuing 75,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 5 per share. The amount was payable as follows :

On application and allotment – ₹ 9 per share (including premium)

On first and final call – the balance amount.

Applications for 3,00,000 shares were received. Applications for 2,00,000 shares were rejected and money refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. The first and final call was made. The amount was duly received except on 1,500 shares applied by Ravi. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued at a discount of ₹ 4 per share.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of X Ltd.

**OR**

Y Ltd. invited applications for issuing 80,000 equity shares of ₹ 10 each at a discount of 10%. The amount was payable as follows :

On application and allotment – ₹ 6 per share

On first and final call – the balance amount.

Applications for 2,00,000 shares were received. Applications for 40,000 shares were rejected and money refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. The first and final call was made. All money was received except on 1,600 shares applied by Rohan. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued at the maximum discount permissible under the law.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Y Ltd.

**18.** शिखर तथा रोहित एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2013 को उन्होंने कवि को फर्म के लाभों में 1/4 भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रविष्ट कराया । कवि 4,30,000 ₹ अपनी पूँजी के लिए तथा 25,000 ₹ अपने ख्याति प्रीमियम के भाग के लिए लाया । 1 अप्रैल, 2013 को शिखर तथा रोहित का स्थिति विवरण निम्नानुसार था :

**1 अप्रैल, 2013 को शिखर तथा रोहित का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | भूमि तथा भवन | 3,50,000 |
| शिखर 8,00,000 | | मशीनरी | 4,50,000 |
| रोहित 3,50,000 | 11,50,000 | देनदार 2,20,000<br>घटा प्रावधान 20,000 | 2,00,000 |
| सामान्य संचय | 1,00,000 | स्टॉक | 3,50,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि | 1,00,000 | रोकड़ | 1,50,000 |
| लेनदार | 1,50,000 | | |
| | 15,00,000 | | 15,00,000 |

यह निर्णय लिया गया कि

(i) भूमि तथा भवन का मूल्य 20% बढ़ाया जाएगा ।

(ii) मशीनरी का मूल्य 10% कम किया जाएगा ।

(iii) कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि की देयता 50,000 ₹ निश्चित की गई ।

(iv) शिखर तथा रोहित की पूँजी कवि द्वारा लाई गई पूँजी के आधार पर समायोजित की जाएगी और इसके लिए आवश्यकतानुसार रोकड़ लाया जाएगा तथा इसका भुगतान किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । *8*

**अथवा**

एल, एम तथा एन एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2013 को उनका स्थिति विवरण निम्नानुसार था :

**1 अप्रैल, 2013 को एल, एम तथा एन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | भूमि | | 8,00,000 |
| एल | 6,00,000 | | भवन | | 6,00,000 |
| एम | 4,80,000 | | फर्नीचर | | 2,40,000 |
| एन | 4,80,000 | 15,60,000 | देनदार | 4,00,000 | |
| | | | घटा प्रावधान | 20,000 | 3,80,000 |
| सामान्य संचय | | 4,40,000 | स्टॉक | | 4,40,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि | | 3,60,000 | रोकड़ | | 1,40,000 |
| लेनदार | | 2,40,000 | | | |
| | | 26,00,000 | | | 26,00,000 |

उपर्युक्त तिथि को एन ने अवकाश ग्रहण किया ।

निम्नलिखित निर्णय लिए गए :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 6,00,000 ₹ किया गया ।

(ii) भूमि का मूल्य 40% बढ़ाया जाएगा तथा भवन पर 1,00,000 ₹ का मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(iii) फर्नीचर पर 30,000 ₹ का मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(iv) कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि की देयता 1,60,000 ₹ निश्चित हुई ।

(v) एन को देय राशि को उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित किया जाएगा ।

(vi) एल तथा एम की पूँजी को उनके नए लाभ अनुपात में समायोजित किया जाएगा तथा इसके लिए साझेदारों के चालू खाते खोले जाएँगे ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए । *8*

Shikhar and Rohit were partners in a firm sharing profits in the ratio of 7 : 3. On 1st April, 2013 they admitted Kavi as a new partner for 1/4 share in profits of the firm. Kavi brought ₹ 4,30,000 as his capital and ₹ 25,000 for his share of goodwill premium. The Balance Sheet of Shikhar and Rohit as on 1st April, 2013 was as follows :

**Balance Sheet of Shikhar and Rohit as on 1st April, 2013**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Land and Building | | 3,50,000 |
| Shikhar | 8,00,000 | | Machinery | | 4,50,000 |
| Rohit | 3,50,000 | 11,50,000 | Debtors<br>Less provision | 2,20,000<br>20,000 | 2,00,000 |
| General Reserve | | 1,00,000 | Stock | | 3,50,000 |
| Workmen's Compensation Fund | | 1,00,000 | Cash | | 1,50,000 |
| Creditors | | 1,50,000 | | | |
| | | 15,00,000 | | | 15,00,000 |

It was agreed that

(i) the value of Land and Building will be appreciated by 20%.

(ii) the value of Machinery will be depreciated by 10%.

(iii) the liabilities of Workmen's Compensation Fund was determined at ₹ 50,000.

(iv) capitals of Shikhar and Rohit will be adjusted on the basis of Kavi's capital and actual cash to be brought in or to be paid off as the case may be.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm.

**OR**

L, M and N were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 1 : 1. On 1st April, 2013 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of L, M and N as on 1st April, 2013**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Land | | 8,00,000 |
| L | 6,00,000 | | Building | | 6,00,000 |
| M | 4,80,000 | | Furniture | | 2,40,000 |
| N | 4,80,000 | 15,60,000 | Debtors<br>Less provision | 4,00,000<br>20,000 | 3,80,000 |
| General Reserve | | 4,40,000 | Stock | | 4,40,000 |
| Workmen's Compensation Fund | | 3,60,000 | Cash | | 1,40,000 |
| Creditors | | 2,40,000 | | | |
| | | 26,00,000 | | | 26,00,000 |

On the above date N retired.

The following were agreed :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000.

(ii) Land was to be appreciated by 40% and Building was to be depreciated by ₹ 1,00,000.

(iii) Furniture was to be depreciated by ₹ 30,000.

(iv) The liabilities for Workmen's Compensation Fund was determined at ₹ 1,60,000.

(v) Amount payable to N was transferred to his loan account.

(vi) Capitals of L and M were to be adjusted in their new profit sharing ratio and for this purpose current accounts of the partners will be opened.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm.

## भाग ख

### (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## PART B

### (Financial Statements Analysis)

**19.** 'रोकड़ प्रवाह विवरण' का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by 'Cash Flow Statement' ?

**20.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय निवेश गतिविधियों के द्वारा रोकड़ प्रवाह को पृथक् दर्शाना क्यों महत्त्वपूर्ण है ? *1*

Why is separate disclosure of cash flow from investing activities important while preparing Cash Flow Statement ?

**21.** वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । *1*

State any one objective of financial statements analysis.

**22.** कम्पनी अधिनियम, 1956 की परिशोधित सूची VI भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्न मदें किन उप-शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाई जाएँगी : *3*

(i) पूँजीगत संचय

(ii) बॉन्ड्स

(iii) माँग पर देय ऋण

(iv) वाहन

(v) ख्याति

(vi) खुदरा औज़ार

Under which sub-headings will the following items be placed in the Balance Sheet of a company as per revised Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956 :

(i) Capital Reserves

(ii) Bonds

(iii) Loans repayable on demand

(iv) Vehicles

(v) Goodwill

(vi) Loose tools

**23.** फिनोक्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्न लाभ-हानि विवरण से तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : *4*

| विवरण | नोट संख्या | 2012 – 13 ₹ | 2011 – 12 ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रचालन से प्राप्त आय | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| अन्य आय | | 1,00,000 | 50,000 |
| व्यय | | 5,00,000 | 4,00,000 |

आय कर दर 40% थी ।

From the following Statement of Profit and Loss of Fenox Ltd. for the year ended 31st March, 2013, prepare a Comparative Statement of Profit and Loss :

| Particulars | Note No. | 2012 – 13 ₹ | 2011 – 12 ₹ |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| Other Incomes | | 1,00,000 | 50,000 |
| Expenses | | 5,00,000 | 4,00,000 |

Rate of income tax was 40%.

**24.** (अ) एक कम्पनी का तरलता अनुपात 1·5 : 1 है । कारण सहित उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित लेनदेनों से अनुपात में (i) वृद्धि होगी; (ii) कमी होगी या (iii) कोई परिवर्तन नहीं आएगा :

(1) 3,000 ₹ किराए का अग्रिम भुगतान किया गया ।

(2) व्यापारिक प्राप्यों में एक देनदार श्री अशोक सम्मिलित था जिसने देय राशि 9,700 ₹ का पूर्ण भुगतान कर दिया ।

(ब) निम्नलिखित सूचना से ‘स्वामित्व अनुपात’ की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| दीर्घकालीन ऋण | 2,00,000 |
| दीर्घकालीन आयोजन | 1,00,000 |
| चालू दायित्व | 50,000 |
| अचल परिसम्पत्तियाँ | 3,60,000 |
| चालू परिसम्पत्तियाँ | 90,000 |

*4*

(a) The quick ratio of a company is 1·5 : 1. State with reason which of the following transactions would (i) increase; (ii) decrease or (iii) not change the ratio :

(1) Paid rent ₹ 3,000 in advance.

(2) Trade receivables included a debtor Shri Ashok who paid his entire amount due ₹ 9,700.

(b) From the following information compute ‘Proprietary Ratio’ :

| | ₹ |
|---|---|
| Long Term Borrowings | 2,00,000 |
| Long Term Provisions | 1,00,000 |
| Current Liabilities | 50,000 |
| Non-Current Assets | 3,60,000 |
| Current Assets | 90,000 |

**25.** सिमको लिमिटेड की 31.3.2013 तथा 31.3.2012 के स्थिति विवरण में दी गई सूचनाओं के आधार पर रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए : *6*

| | विवरण | नोट संख्या | 31.3.2013 ₹ | 31.3.2012 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता तथा देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारक निधियाँ :** | | | |
| | (अ) अंश पूँजी | | 2,00,000 | 1,50,000 |
| | (ब) संचय एवं आधिक्य | | 90,000 | 75,000 |
| 2. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालीन ऋण | | 87,500 | 87,500 |
| 3. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | व्यापारिक देयताएँ | | 10,000 | 76,000 |
| | **कुल** | | 3,87,500 | 3,88,500 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | **(अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 1,87,500 | 1,40,000 |
| | **(ब) अचल निवेश** | | 1,05,500 | 1,02,500 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (अ) चालू विनियोग (विक्रय-योग्य) | | 12,500 | 33,500 |
| | (ब) स्टॉक (मालसूची) | | 4,000 | 5,500 |
| | (स) व्यापारिक प्राप्तियाँ | | 9,500 | 23,000 |
| | (द) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 68,500 | 84,000 |
| | **कुल** | | 3,87,500 | 3,88,500 |

**खातों के नोट्स**

नोट 1

| विवरण | 2013 ₹ | 2012 ₹ |
|---|---|---|
| **संचय एवं आधिक्य**<br>आधिक्य (लाभ-हानि विवरण का शेष) | 90,000 | 75,000 |

Prepare a Cash Flow Statement on the basis of the information given in the Balance Sheet of Simco Ltd. as at 31.3.2013 and 31.3.2012 :

| | Particulars | Note No. | 31.3.2013 ₹ | 31.3.2012 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 2,00,000 | 1,50,000 |
| | (b) Reserves and Surplus | | 90,000 | 75,000 |
| 2. | **Non-Current Liabilities :** | | | |
| | Long Term Borrowings | | 87,500 | 87,500 |
| 3. | **Current Liabilities :** | | | |
| | Trade Payables | | 10,000 | 76,000 |
| | **Total** | | 3,87,500 | 3,88,500 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-Current Assets :** | | | |
| | **(a) Fixed Assets :** | | | |
| | (i) Tangible Assets | | 1,87,500 | 1,40,000 |
| | **(b) Non-Current Investments** | | 1,05,500 | 1,02,500 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Current Investments (Marketable) | | 12,500 | 33,500 |
| | (b) Inventories | | 4,000 | 5,500 |
| | (c) Trade Receivables | | 9,500 | 23,000 |
| | (d) Cash and Cash Equivalents | | 68,500 | 84,000 |
| | **Total** | | 3,87,500 | 3,88,500 |

**Notes to Accounts**

Note 1

| Particulars | 2013 ₹ | 2012 ₹ |
|---|---|---|
| **Reserves and Surplus**<br>Surplus (Balance in Statement of Profit & Loss) | 90,000 | 75,000 |

## भाग ग
## (अभिकलित्र लेखांकन)
## PART C
## (Computerised Accounting)

**19.** अभिकलित्र लेखांकन तंत्र के एक घटक के रूप में 'आँकड़ों' का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by 'data' as a component of Computerised Accounting System ?

**20.** सम्बन्धात्मक डाटाबेस क्या है ? *1*

What is relational database ?

**21.** आवश्यकता विश्लेषण क्या है ? *1*

What is requirement analysis ?

**22.** अभिकलित्र लेखांकन तंत्र के किन्हीं दो लाभों तथा एक सीमा को समझाइए । *3*

Explain any two advantages and one limitation of Computerised Accounting System.

**23.** डाटा वैधीकरण से क्या अभिप्राय है ? ऐसे दो उदाहरण दीजिए जब मूल्य शर्तों को पूरा नहीं करते और इस कारणवश सेल अशुद्धि दर्शाते हैं । *4*

What is meant by data validation ? Give two examples when cell will give error if the values are not meeting the conditions.

**24.** 'डैस्कटॉप डाटाबेस' तथा 'सर्वर डाटाबेस' में किन्हीं चार आधारों पर अन्तर्भेद कीजिए । *4*

Differentiate between 'Desktop database' and 'Server database' on any four basis.

**25.** निम्नलिखित सूचना से निम्न राशियों की गणना के लिए एक्सेल पर सूत्र की गणना कीजिए : *6*

(अ) यात्रा भत्ता के लिए, मूल वेतन 18,000 ₹ तक 10% की दर से तथा इससे ऊपर 15% की दर से ।

(ब) देय ऋण के लिए, मूल वेतन 18,000 ₹ तक 20% की दर से तथा इससे ऊपर 25% की दर से ।

(स) शुद्ध वेतन के लिए, मूल वेतन में यात्रा भत्ता जोड़कर तथा देय ऋण घटाकर ।

Calculate the formulae from the following information on Excel for computing the amounts of :

(a) Travelling Allowance, Basic Pay upto ₹ 18,000 at 10% and above it at 15%.

(b) Loan Payable, Basic Pay upto ₹ 18,000 at 20% and 25% above that.

(c) Net Salary, adding Travelling Allowance and deducting Loan Payable from Basic Pay.